Regarding four-laning of Jherda-Mander- Revdar-Sirohi NH and construction of by-pass roads-Laid

श्री लुम्बा राम **(जालौर) :** राष्ट्रीय राजमार्ग 168 सिरोही से मण्डार तक नेशनल हाइवे स्वीकृत हुआ था, मगर यह रोड़ टोल रोड़ होने से आज दिन तक फोरलेन नही बन सका । वर्तमान में यह सड़क अक्टूबर 2024 में टोल मुक्त हो गई है । इस रोड को राजस्थान सरकार ने हाल ही मे (अक्टूबर 2024) भारत सरकार को सौंप दिया है । यह सड़क कांडला पोर्ट से दिल्ली से सीधे जुड़ी हुई है । इस मार्ग से टोल समाप्त होने के कारण ट्रैफिक लोड काफी बढ़ गया है । जिससे इस सड़क पर दुर्घटनाओं की संख्या भी बढ़ती जा रही है । इस मार्ग पर मंडार, रेवदर और सिरोही तीन घनी आबादी वाले शहर है । इन शहरों में दिन में ट्रैफिक जाम हो जाता है । अतः आपसे आग्रह है कि झेरडा -मंडार-रेवदर -सिरोही का राष्ट्रीय राजमार्ग को फोर लेन तथा मंडार रेवदर और सिरोही के पास बाइपास का निर्माण जल्द से जल्द करवाने का श्रम करावे ।